गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

विकास पथ, गाजियाबाद।
(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 2018 /व्यव0अनु0/2024 दिनांकः 21/10/24

प्रभारी विज्ञापन

कृपया नीलामी सूचना का विज्ञापन नियमानुसार समाचार–पत्रों में प्रकाशित कराने एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित/रिक्त विभिन्न श्रेणी के व्यवसायिक/औद्योगिक/आवासीय भूखण्डों इत्यादि की नीलामी दिनांक 24.10.2024 व 25.10.2024 को लोहियानगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में आयोजित की जानी थी। उक्त नीलामी हेतु आवेदन विवरण पुस्तिका/ब्रोशर के विक्रय एवं जमा किये जाने की तिथि 18.10.2024 से बढ़ाकर दिनांक 04.11.2024 तक कर दी गयी है तथा वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–56, गाजियाबाद के उप–निर्वाचन हेतु जनपद–गाजियाबाद में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–56, गाजियाबाद से प्रभावित प्राधिकरण की योजनाओं क्रमशः पटेलनगर योजना, अम्बेडकर रोड डिस्ट्रिक्ट सैन्टर व प्रताप विहार योजना को छोड़कर अवशेष सम्पत्तियों की नीलामी दिनांक 06.11.2024 को लोहिया नगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित की जायेगी। उक्त नीलामी सम्बन्धी विस्तृत विवरण की जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद की वेबसाईट www.gdaghaziabad.in से प्राप्त की जा सकती है।

(प्रदीप कुमार सिंह)
अपर सचिव